# लाल लंगोटा हाथ में सोटा | by Sunil Sarvottam

लाल लंगोटा हाथ में सोटा माँ अंजनी का लाल
वीर बजरंग बली..........
बड़े बड़े संकट को पल भर में देता है टाल
वीर बजरंग बली...........

भूत प्रेत दानवो को मार भगाता है वो एक हुंकार से
अलाये बालाएं सभी निकल निकल के भागे बालाजी की मार से
बालाजी आने वालों को कर देता निहाल
वीर बजरंग बली...........

बिगड़े हुए वो सारे काम बना देता है राम राम कह के
अटके हुए वो बेड़े पार लगा देता है राम राम कह के
राम नाम लेने वालों के पूरे करे सवाल
वीर बजरंग बली...........

अजर अमर है ये देव निराला है ये बजरंग बालाजी
भक्तों के लिए सदा बना रखवाला है ये बजरंग बालाजी
सिन्दूरी चोले में साजे लगता बड़ा कमाल
वीर बजरंग बली...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%b2%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%9f%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b8%e0%a5%8b%e0%a4%9f%e0%a4%be-by-sunil-sarvottam/